हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

13 शासन-प्रशासन ने नहीं मानी मांगे तो सड़क पर उतरेंगे ग्रामीण



14 लुटेरे दिनदहाड़े दो राहगीरों को लूटकर हुए फरार



## खबर संक्षेप

### नगरी में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आज

**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आह्वान पर सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आज दोपहर 1 बजे मानस भवन सांकरा में होगा। कार्यक्रम की तैयारी में मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू एवं सुलोचना साहू जुटे हैं।

### सिहावा में पटेल समाज की बैठक आज

**नगरी।** कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज की बैठक आज दोपहर 1 बजे शाकंभरी मंदिर सिहावा में आयोजित की गई है। बैठक में मुख्य रूप से कोसरिया मरार पटेल समाज संरक्षक अमरसिंह पटेल, सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी सचिव डिलेश्वर पटेल, मीडिया प्रभारी राजू पटेल ने दी है।

### गुजरा में अखंड रामधुनी सम्मेलन 27 से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गुजरा में अखंड रामधुनी सम्मेलन का शुभारंभ 27 सितंबर को होगा जो तीन दिन तक चलेगा। झांकी पक्ष में 3500 रुपए एवं गायन पक्ष में 3000 की नगद राशि दी जाएगी। समापन 30 सितंबर को रात्रि में होगा। कार्यक्रम की तैयारी में खोरबाहरा राम साहू, खिलेश्वर सोनकले, राधेश्याम साहू, सुनील तिवारी, मनहरण साहू जुटे हैं। यह जानकारी रामधुनी सम्मेलन के अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू एवं द्विजराम साहू ने दी।

### सिवनीकला में कबड्डी स्पर्धा 13 को



**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला के बाजार चौक चम्पेश्वर पारा में जय बजरंग कबड्डी दल एवं रॉयल क्लब महावीर चौक तथा ग्रामवासियों के सहयोग से 13 सितंबर शनिवार को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रवेश शुल्क 300 रुपए है। प्रथम पुरस्कार कप और 13001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार कप और 9001 रुपए, तृतीय पुरस्कार कप और 6001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार कप और 4001 रुपए है। बेस्ट रेडर को 501 रूपये, बेस्ट केचर को 501 रुपए, आलराउंडर को 501 रुपए विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। महिलाओं के लिए 8 प्लेयर का रस्साखींच भी होगा। प्रथम पुरस्कार 1201 रुपए और द्वितीय पुरस्कार 801 रुपए दिया जायेगा। यह जानकारी रॉयल क्लब के समीर साहू, गौरव साहू, विक्रम साहू ने दी।

### होटल में युवक ने किया फांसी लगाने का प्रयास कर्मचारियों ने बचाई जान

**धमतरी।** शहर के एक होटल के कमरे में ठहरा युवक आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा था। समय रहते होटल स्टाफ की नजर पड़ जाने से उसकी जान बच गई। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर टिकरापारा थाना क्षेत्र के छग नगर वार्ड निवासी सन्नी साहू पिता नारायण उम्र 23 वर्ष किसी काम से धमतरी आकर शांति कालोनी चौक के पास स्थित होटल शिवजी रेसीडेंसी के कमरे में रुका हुआ था। शुक्रवार की दोपहर कमरे में युवक अपने गले में गमछा लपेटकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान होटल के कर्मचारियों की नजर युवक की हरकत पर पड़ गई। कर्मचारियों ने युवक को आत्महत्या करने से रोका और कार से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार आ गया। बताया जा रहा है कि युवक इलाज के बाद रायपुर चला गया।



कई हितग्राही मृत, तो कई कर गए स्थायी रूप से पलायन

# सालों से पेंडिंग पड़े हैं कई आवास निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पिछले 8 साल में करीब 4 हजार आवास अनकम्पलीट हैं। इसमें कोई आवास निर्माण अधूरा छोड़कर पलायन कर गया है तो किसी की मृत्यु हो चुकी है। अब ऐसे आवासों की रिपोर्ट तैयार कर इन लोगों का नाम हितग्राहियों की लिस्ट से हटाने की तैयारी है।

लोगों को टूटे-फूटे और कच्चे मकान से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार द्वारा पीएम आवास योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में हितग्राही को खुद का पक्का मकान बनाने के लिए तीन किस्त में 120000 रुपए की सहायता दी जाती है। जिले में इस योजना को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। योजना का लाभ पाने के लिए हितग्राहियों की लंबी कतार है। उधर कुछ ऐसे भी लोग हैं, जिनका आवास स्वीकृत होने के बाद भी वे आवास बनाने में रुचि नहीं ले रहे हैं।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2016 से लेकर वर्ष 2023 तक 40 हजार आवास स्वीकृत हुए हैं। इन आवासों में 99 प्रतिशत लोगों ने निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। वहीं 1 प्रतिशत हितग्राही ऐसे हैं, जिनका आवास निर्माण सालों से पेंडिंग पड़ा हुआ है। इनमें कुछ लोग तो स्थायी रूप से जिले को छोड़कर पलायन कर चुके हैं। खोजने के बाद भी उनका पता नहीं मिल रहा है। वहीं कई लोगों की आवास निर्माण पूरा होने से पहले ही मृत्यु हो चुकी है। ऐसे में इन लोगों के आवास पूर्ण होने की गुंजाइश भी नहीं है। ऐसे लोगों का नाम अब हितग्राहियों की लिस्ट से हटाने की तैयारी है।



### निकाल ली गई है राशि

जो आवास अधूरे हैं, उनमें से अधिकांश हितग्राहियों ने आवास निर्माण के लिए तीनों किस्त की राशि निकाल ली है। नियम के तहत आवास अधूरा होने की स्थिति में हितग्राहियों से वसूली की जानी चाहिए, लेकिन हितग्राही ही गायब हैं या मृत हो चुके हैं, ऐसे में वसूली करना संभव नहीं है। राहत की बात है कि अभी जो आवास स्वीकृत हुए हैं, उनमें निर्माण कार्य बिना पेंडेंसी के तेजी से हो रहे हैं।

### नए आवास 50 प्रतिशत कम्पलीट

वर्ष 2024-25 में जिले में 21 हजार आवास की स्वीकृति मिली है। इन आवासों में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। अब तक 10 हजार 584 आवास कम्पलीट हो चुके हैं। बाकी आवासों में निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अतिरिक्त और आवास निर्माण की स्वीकृति मिली है। बताया गया है कि 1 नवम्बर को प्रधानमंत्री मोदी आएंगे और उसी समय नए आवास के हितग्राहियों के खाते में आवास की पहली किस्त डालेंगे। उल्लेखनीय है कि आवास योजना के तहत पहली किस्त 40 हजार, दूसरी किस्त 55 हजार और तीसरी किस्त 25 हजार दी जाती है।

# शहर के नजदीक जंगल में एक दंतैल का विचरण



गुरुवार की शाम विश्रामपुर के जंगल में मिला लोकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर से करीब 10 किमी दूर गंगरेल क्षेत्र के जंगल में एक दंतैल हाथी का विचरण हो रहा है। वन विभाग ने आसपास क्षेत्र के दर्जन भर गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा है।

डिप्टी रेंजर राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि मंगलवार को चंदा दल का एक दंतैल हाथी का लोकेशन जगतरा से लगे वन क्षेत्र में होने का पता चला था। बुधवार को वह तुमाबुजुर्ग से लगे वन क्षेत्र आरएफ 1 डोकरीकोन्हा में था। गुरूवार को दक्षिण धमतरी सहायक परिक्षेत्र के परिसर तुमराबहार के कक्ष क्र. पीएफ 214, 201 आरएफ 213 में सुबह देखा गया। वहीं शाम को सिंगल हाथी एमई 3 का करंट लोकेशन विश्रामपुर में खेत में था। ग्राम विश्रामपुर, तुमराबहार, खिरकीटोला, डांगीमाचा, कसावाही, बोरिदखुर्द, बेलतरा, सोरम, भटगांव, बेन्द्रानवागांव, मरादेव, गंगरेल, कोटाभर्री, बरारी, शकरवारा, भोयना, मुड़पार में मुनादी कर लोगों को जंगल न जाने एवं सतर्क रहने को कहा गया है।

पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल

# एसआई, एएसआई व प्रधान आरक्षकों का हुआ तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रशासनिक कसावट लाने एसपी ने लंबे समय से एक ही थाने में पदस्थ पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें एसआई, एएसआई व प्रधान आरक्षक प्रभावित हुए हैं।

पुलिस के अनुसार जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने दो उपनिरीक्षक, 11 सहायक उपनिरीक्षक व 20 प्रधान आरक्षकों को जिले के विभिन्न थानों व चौकियों में स्थानांतरित किया है। एसआई कपिश्वर पुष्यकर दुगली, लक्ष्मीशंकर मंडेलश्वर का स्थानांतरण नगरी थाना हुआ है। एएसआई तेजूराम सिन्हा, भीषम अवस्थी रक्षित केंद्र, कपिलचंद सोरी भखारा, नीरज दुबे कोतवाली, धनीराम नेताम धमतरी, श्रीराम पटेल रूद्री, तानसिंह साहू बिरेझर, शिवनारायण कुर्रे नगरी, दक्षकुमार साहू मगरलोड, राकेश मिश्रा बोराई व मोहन निषाद को यातायात भेजा गया है। इसी तरह प्रआ पारस सोम मगरलोड, असवन भूआर्य बिरेझर, अनूप साहू सिहावा, मप्रआ मधुलिका टिकरिहा रूद्री, भुनेश्वर साहू बिरेझर, भूपेश सिन्हा भखारा, संतर सोरी करेली बड़ी, कमलेश ध्रुव मगरलोड, बीरेंद्र चंद्राकर दुगली, शांता ध्रुव धमतरी, अश्वनी बंजारे अर्जुनी, रामकुमार कमलवंशी अर्जुनी, गिरीश नाग रूद्री, सोहन ध्रुव अर्जुनी, मेघराज निषाद मेचका, नकुलराम नेताम करेली बड़ी, गणपतराम ध्रुव अर्जुनी, पूरन साहू अर्जुनी, नाथूराम सूर्याकर सिहावा व मप्रआ उर्वशी मरकाम को अर्जुनी थाना भेजा गया है।



### लंबे समय से पदस्थ थे कर्मचारी

कई पुलिस कर्मचारी लंबे समय से एक ही थाना व चौकी में पदस्थ थे। संगनात्मक मजबूती एवं कार्य की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ऐसे कर्मियों का स्थानांतरण किया गया है। तबादला का उद्देश्य जिले में बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना व पुलिसिंग में गति एवं पारदर्शिता लाना है।

### श्रमिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर श्रम विभाग द्वारा रजत जयंती महोत्सव का आयोजन 12 सितम्बर को अग्रसेन भवन में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। श्रम पदाधिकारी एनके साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न उद्योग एवं संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग के टीम के डॉक्टर, स्टॉफ नर्स, फार्मासिस्ट श्रमिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व आवश्यक दवाई का वितरण करेंगे। इसके साथ ही श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों का निःशुल्क श्रम कार्ड व योजनाओं का लाभ लेने पंजीयन काउंटर लगाया जाएगा। श्रमिकों का श्रम कार्ड एवं योजना संबंधी आवेदन तत्काल किया जाएगा। नगर निगम से मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम की टीम भी उपस्थित रहेगी।

# पानी से लबालब रहेंगे रिजर्व फारेस्ट के तालाब

- सोलरपंपों से भरे जाएंगे तालाब मुठभेड़ की घटनाएं होंगी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वन्य प्राणियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी लगातार प्रयास जारी है। इसी के तहत गर्मी से पहले ही वन्य जीवों के लिए उनके प्राकृतिक आवास में पानी की स्थायी रूप से व्यवस्था की जा रही है। सोलर पंपों के माध्यम से तालाबों में पानी भरा जा रहा है। तालाब भी ऐसे बनाए गए हैं, जिसमें पानी गर्मी में भी रहेगा।

सीतानदी-उदंती अभ्यारण्य वन्य प्राणियों से संपन्न होता जा रहा है। सालों बाद यहां बाघ की वापसी हुई है। वहीं हाथी भी इस क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। तेंदुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। अन्य वन्यजीवों की भी लगातार वंशवृद्धि हो रही है। उधर वन विभाग भी इन वन्यजीवों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयास कर रहा है। रिजर्व के पेट्रोलिंग कैंपों का विद्युतीकरण हो चुका है। अब सोलर पंप के जरिए तालाबों में पानी की स्थायी व्यवस्था की जा रही है। जंगल की अवैध कटाई और शिकार रोकने लिए एंटी पोचिंग टीम लगातार रिजर्व फारेस्ट में सर्चिंग अभियान चला रही है। लगातार कार्रवाई भी हो रही है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।



### मिलेगी राहत

सोलर पंपों के माध्यम से वन में पानी की व्यवस्था किए जाने से न सिर्फ वन्यजीव सुरक्षित होंगे, बल्कि वनग्राम वासियों को भी राहत मिलेगी। गर्मी में वन में पानी की कमी होने पर वन्यजीव रिहायशी इलाकों में आ जाते हैं। इससे ग्रामीणों के साथ वन्यजीवों की मुठभेड़ की घटनाएं होती हैं। वहीं शिकारी भी ताक लगाकर वन्य जीवों का शिकार करते हैं। वन में पानी की व्यवस्था होने से वन्यजीवों का रिहायशी इलाकों में आना कम हो जाएगा।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत, दूसरी घायल

- ग्राम मुरा की घटना, खेत में काम करने गई थीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

पुलिस चौकी बिरेझर क्षेत्र के ग्राम मुरा में बुधवार 10 सितंबर को दो महिलाएं खेत में काम रही थीं तभी अचानक दोपहर को आकाशीय बिजली उन पर गिर गई। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई तथा दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।



ग्रामीणों ने बताया कि रेवती बाई पति सुरेन्द्र नगारची उम्र 34 वर्ष एवं ममता बाई पति नंदकुमार नगारची सुबह 10 बजे अपने खेत में काम करने गई थी तभी करीब दोपहर 2 से 3 बजे अचानक बादल आया और भारी गर्जना के साथ खेत में काम कर रही महिलाओं पर बिजली गिर गई। आकाशीय बिजली गिरने से रेवती बाई पति सुरेन्द्र नगारची की मौके पर ही मौत हो गई तथा ममता बाई पति नंदकुमार नगारची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पुलिस चौकी बिरेझर में दी गई। पुलिस ने घायल महिला को हास्पिटल पहुंचाया। मृत महिला का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए कुरूद लाया गया।

# भंडारण गृह सोरम के हमालों ने ठेकेदार पर लगाया शोषण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

केन्द्रीय भंडारण गृह सोरम के हमाल श्रमिकों ने ठेकेदार पर शोषण का आरोप लगाया है। गुरूवार को कलेक्टोरेट पहुंचे हमालों ने कलेक्टर के नाम शिकायत आवेदन में कहा है कि केन्द्रीय भंडारण निगम सोरम धमतरी में ठेकेदारी प्रथा चल रही है जिसमें 90 हमाल काम करते हैं। एफसीआई के एचएनटी ठेकेदार स्पीड कार्गो अंतर्गत विगत 4 साल से कार्यरत हैं, जिनके द्वारा मासिक भुगतान में लापरवाही एवं विलंब से भुगतान किया जाता है। कर्मचारी भविष्य निधि के अंशदान की राशि जमा नहीं की जाती है। ईएसआईसी का लाभ सभी श्रमिकों को नहीं दिया जा रहा है। कुछ श्रमिकों को इसका लाभ मिलता है, उसमें भी अनियमितता बरती गई है। हमाल श्रमिक संघ सोरम ने कलेक्टर से ईएसआईसी, कर्मचारी भविष्य निधि एवं समय पर मासिक भुगतान कराने की मांग की है।

- समय पर मजदूरी भुगतान, कर्मचारी निधि, ईएसआईसी में अनियमितता की शिकायत



इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष देवकुमार साहू, डिसेन्ट कुमार, मनोज, योगेश्वर निषाद, दुर्गेश देवांगन, कुशल साहू, ललित, कृष्णा, होरीलाल, श्रवण, कामता निषाद, नरसिंग आदि मौजूद थे।

# तालाब में मिली युवक की लाश



हटकेशर वार्ड की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हटकेशर के तालाब में एक युवक की लाश पानी में मिलने से आसपास सनसनी फैल गई।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को हटकेशर वार्ड के नागदेव मंदिर के पास स्थित तालाब में लोगों ने एक शव का देखा। तालाब में शव मिलने से आसपास हड़कम्प मच गया। तत्काल घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाया। मृतक की शिनाख्ति सियाराम ध्रुव उम्र 44 वर्ष पिता पुनीतराम हटकेशर वार्ड निवासी के तौर पर की गई। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शाम तक शव को वरदान एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया। संस्था के शिवा प्रधान, डुमन साहू व योगेश साहू ने शव को जिला अस्पताल पहुंचा मर्रच्यूरी में शिफ्ट कर दिया है। युवक की मौत घटना है या दुर्घटना, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

मां विंध्यवासिनी मंदिर में मत्था टेककर माता को चुनरी भेंटकर लिया आशीर्वाद

# एनएचएम कर्मियों ने 351 मीटर चुनरी लेकर शहर के मुख्य मार्गों में पदयात्रा की





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के एनएचएम कर्मचारी 18 अगस्त से लंबित दस सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। हड़ताल के 25वें दिन कर्मचारियों ने मनोकामना पदयात्रा निकाली। पदयात्रा गांधी मैदान से मां बिलाईमाता मंदिर तक 351 मीटर लंबी चुनरी के साथ निकाली। इससे शहर के मुख्य मार्ग सदरबाजार में एक किमी के दायरे में जाम लग गया। पदयात्रा को गुजरने में तीन घंटे का समय लगा। पुलिस की मौजूदगी में सभी राहगीरों को गलियों, चौक चौराहों से डायवर्ट किया गया। चुनरी के साथ कर्मचारी नारे लगा रहे थे। मांगे पूरी करने की आवाज बुलंद की। इस अनूठे प्रदर्शन में कर्मचारी पीपीई किट पहनकर हाथ में नारियल लेकर जमीन पर लेटते हुए आगे बढ़े। उनका कहना है कि जिस प्रकार कोरोनाकाल में कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर संवेदना दिखाते हुए आम जनमानस के जीवन को बचाने का काम किया, लोगों को सुरक्षित रखने में मदद की। उसी प्रकार सरकार भी उनकी मांगों पर ध्यान दें। कर्मचारियों ने माता से अपनी मनोकामना को पूरा करने की प्रार्थना की। सरकार को जगाने माता से आशीर्वाद मांगा।



इस पदयात्रा में जिले के 593 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक वे प्रदर्शन करेंगे। नोमनारायण सिन्हा, पिलेश निषाद, चंद्रशेखर सिन्हा, मुकेश साहू, खुशबू साहू पीपीई किट पहने थे। पदयात्रा में भारती साहू, कविता साहू, चंदा पवार, दुर्गा शांडिल्य सहित कई कर्मचारी शामिल रहे।

**पाठक सूचना**
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**

### प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन 23 तक

**धमतरी।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता के लिए प्रोत्साहन योजना अतर्गत प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2025 में सफलता प्राप्त करने पर 1 लाख रूपये प्रोत्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग द्वारा इस सबंध में पात्र अभ्यर्थियों से 23 सितम्बर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। सहायक आयुक्त ने बताया कि पात्रता की शर्ते तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाईट ट्रिबल डाट सीजी डाट जीओवी डाट इन से डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, अटल नगर, नवा रायपुर छग में अंतिम तिथि तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक से भी उल्लेखित पते पर भेजा जा सकता है।

### निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 15 तक

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी प्रशिक्षण के लिए 15 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि इस प्रशिक्षण में ग्रामीण बेरोजगार महिला एवं पुरूष जिनकी उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच है, आवेदन कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क एवं आवासीय सुविधा से युक्त है। प्रशिक्षण के दौरान फोटो सूट, वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी, एल्बम, बंधन एल्बम, करिज्मा एल्बम, डीएसएलआर कैमरा में फोटो शूट की प्रायोगिक जानकारी के साथ सैद्धान्तिक जानकारी भी दी जायेगी। प्रशिक्षण हेतु 35 सीटें आरक्षित हैं।

### विभिन्न पुरस्कारों के लिए आवेदन 26 तक

**धमतरी।** शासन द्वारा महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर राज्य अलंकरण से विभूषित किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष मिनीमाता सम्मान (महिला उत्थान) वीरांगनी रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार एवं माता बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2026 राज्य स्थापना समारोह राज्योत्सव में प्रदान किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जगरानी एक्का ने बताया कि मिनीमाता सम्मान (महिला उत्थान), वीरांगनी रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार एवं माता बहादुर कलारिन सम्मान हेतु आवेदन आमंत्रित है। इस संबंध में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला की प्रविष्टियां जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग धमतरी में 26 सितम्बर तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

### मेघा में दुर्गोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम 23 सितंबर से

**मगरलोड।** नवदुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड मेघा में नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्र पर्व पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 8 बजे प्रारंभ होगा। 23 सितम्बर को पायल महादेव रिकॉर्डिंग डांस मरोदा भिलाई, 25 सितम्बर को संगी जहुरिया रामधुनी पार्टी छिपली (पुष्कर ग्रुप), 27 सितम्बर को शिवगंगा नाचा पार्टी मेघा, 28 सितम्बर को रिकार्डिंग डांस, 30 सितम्बर को जय मां शीतला जस झांकी परिवार बजरंग चौक बटरेल (पाटन), 1 अक्टूबर को मया के अंजोर रिकार्डिंग डांस परिवार सुरेगांव अर्जुंदा जिला बालोद की प्रस्तुति होगी।

**निधन**

### कमलनारायण श्रीवास्तव

**धमतरी।** शहर के ब्राम्हणपारा निवासी कमलनारायण श्रीवास्तव (75) पिता स्व. शशिभूषण



श्रीवास्तव का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के नाती थे। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार की दोपहर 12 बजे निवास स्थान से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

कलेक्टर ने सक्षम कैंटीन का अवलोकन कर दिव्यांग विश्नोई से की बातचीत

# सक्षम कैंटीन दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




कलेक्टर अबिनाश मिश्रा शुक्रवार को अचानक कलेक्ट्रेट परिसर में दिव्यांगजनों द्वारा संचालित सक्षम कैंटीन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कैंटीन में उपलब्ध चाय-नाश्ता एवं अन्य सामग्री का जायजा लिया और कैंटीन के बाहर श्रीमती विश्नोई से की बातचीत की। उन्होंने उनसे बिक्री आदि के बारे में पूछा और उनका कुशलक्षेम जाना। कलेक्टर ने दिव्यांग श्रीमती विश्नोई से आग्रह किया कि वे बैठकर बात करें, किंतु वह बैसाखियों के सहारे खड़ी हुई। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि कैंटीन की शुरुआत के बाद से ही लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत और आसपास के कार्यालयों में आने वाले अधिकारी-कर्मचारी और आम नागरिक यहां आकर चाय-नाश्ते का आनंद ले रहे हैं।

कलेक्टर ने कहा कि सक्षम कैंटीन दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह न केवल रोजगार का माध्यम बनेगा, बल्कि दिव्यांगजनों के आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा। उन्होंने कैंटीन संचालकों को आश्वस्त किया कि संचालन में किसी भी प्रकार की आवश्यकता या समस्या आने पर जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत सहित अन्य कार्यालयों में होने वाली बैठकों तथा शासकीय आयोजनों में चाय-नाश्ते का ऑर्डर सक्षम कैंटीन से दिया जाए, ताकि दिव्यांगजनों के आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों को और अधिक बल मिल सके।

मालूम हो कि कलेक्टर श्री मिश्रा की पहल पर हाल ही में दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति के सदस्यों को कलेक्ट्रेट परिसर में यह स्थान उपलब्ध कराया गया है। समिति के संस्थापक बसंत कुमार विश्नोई ने बताया कि लंबे समय से दिव्यांगजन स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने की इच्छाशक्ति रखते थे। जिला प्रशासन के सहयोग से आज यह सपना साकार हो सका है। सक्षम कैंटीन की शुरुआत से दिव्यांगजनों को न केवल स्थायी रोजगार का अवसर मिलेगा, बल्कि वे समाज की मुख्यधारा से भी जुड़ेंगे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि 'दिव्यांगजन हमारे समाज की शक्ति हैं। उन्हें सही अवसर और मंच मिल जाए, तो वे भी आत्मसम्मान और स्वावलंबन के साथ जीवन यापन कर सकते हैं। सक्षम कैंटीन इसी सोच का परिणाम है।

# सूकर पालन से उमेश्वरी बनीं आत्मनिर्भर

**पशुपालन विभाग की सूकरत्रयी योजना से मिला बड़ा लाभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



नगरी विकास खण्ड के गांव आमदी की उमेश्वरी ने बताया कि यदि मेहनत और लगन हो तो कोई भी कार्य छोटा नहीं होता। इसी कहावत को उन्होंने चरितार्थ कर दिखाया है। कभी गृहणी की भूमिका निभाने वाली उमेश्वरी आज पशुपालन से आत्मनिर्भर महिला के रूप में अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुकी हैं।

बीएससी तक शिक्षित उमेश्वरी को हमेशा से पशुपालन में रुचि रही है। अपने घर में वे पहले से ही मछली पालन, मुर्गी पालन और बत्तख पालन करती रही हैं। लेकिन उन्होंने अपनी आय में और वृद्धि करने के लिए सूकर पालन करने का निर्णय लिया। इसके लिए उन्होंने पशुपालन विभाग से संपर्क किया। विभाग की सूकरत्रयी योजना के तहत उन्हें दो मादा और एक नर सूकर उपलब्ध कराए गए। उमेश्वरी ने विभागीय मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण के अनुरूप सभी पशुओं की देखभाल, आहार, टीकाकरण एवं प्रबंधन बखूबी किया। इसका परिणाम यह हुआ कि उनकी दो मादा सूकरों ने कुल 38 बच्चे दिए। इनमें से 25 संतानों को मात्र 6 से 8 माह की अवधि में 200 रुपये किलो की दर से बेचकर उन्होंने लगभग 2 लाख 40 हजार रुपये की आमदनी अर्जित की। इस आमदनी से उमेश्वरी ने अपने ब्रीडिंग स्टॉक को बढ़ाने के लिए 3 और मादा पशु खरीदे। इस प्रकार अब उनके पास कुल 5 मादा और 1 नर सूकर हैं, जिनसे उत्पन्न संतानों को बेचकर वे अब तक करीब 3 लाख रुपये की आय प्राप्त कर चुकी हैं। वर्तमान में उनके पास 5 मादा, 1 नर और 49 छोटे बच्चे हैं, जिससे भविष्य में और भी अच्छी आमदनी की संभावना है।

उमेश्वरी नेताम बताती हैं कि सूकर पालन से हुई कमाई ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी है। इस आय से उन्होंने अपने मकान का जीर्णोद्धार कराया, दोपहिया वाहन खरीदा तथा घर-परिवार और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में सहयोग प्राप्त हो रहा है। पशुपालन विभाग की इस योजना का लाभ उठाकर उमेश्वरी ने यह साबित कर दिया है कि यदि महिलाएं चाहें तो आत्मनिर्भर बनकर न केवल खुद का जीवन सुधार सकती हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत कर सकती हैं।

# साहू समाज सेमरा परिक्षेत्र के होमेंद्र पुनः अध्यक्ष बने



- पुरूष उपाध्यक्ष कल्याण व महिला उपाध्यक्ष जानकी चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

साहू समाज सेमरा परिक्षेत्र के एक बार फिर होमेंद्र साहू अध्यक्ष निर्वाचित हुए। सेमरा परिक्षेत्र में कुल मतदाता 112 हैं जिसमें से 111 मतदाताओं ने मतदान किया। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार होमेंद्र साहू को 68 मत एवं शेखर साहू को 42 मत मिले। एक मत रिजेक्ट हुआ। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद हेतु कल्याण साहू को 92 मत एवं यशवंत साहू को 15 मत प्राप्त हुए तथा 5 रिजेक्ट हुए। महिला उपाध्यक्ष जानकी दशरथ साहू, संगठन सचिव चंद्रशेखर साहू, महिला संगठन सचिव चंद्रलता साहू चुनी गई। चुनाव में तहसील अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, सचिव भोलाराम साहू, संरक्षक गणेश राम साहू, परिक्षेत्र एवं तेरह गांव के अध्यक्षों ने मतदान किया।

मौके पर जनपद सदस्य ठाकुर राम साहू, सचिन, पोषण लाल साहू, संजय दास साहू, दुलरवा, नरसिंग, मेवालाल, शैखु साहू, कृष्णा, सोनजीत साहू, चोवा राम साहू, कुमार, चुन्नी साहू, यशोदा साहू, बीरेंद्र साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। होमेंद्र साहू ने कहा कि परिक्षेत्र साहू समाज सेमरा ने मुझे पुनः अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी। समाज के विकास के लिए सभी को साथ लेकर चलूंगा।

# रामलला के दर्शन से भक्तों को मिलेगा जीवनभर का आत्मिक संतोष : बैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से श्री रामलला दर्शन योजना साकार हो रही है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत नगरी सहित जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से श्रद्धालु अयोध्या धाम रवाना हुए हैं। कुल 31 श्रद्धालु विशेष बस के माध्यम से रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां से वे अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेंगे।

यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान श्री रामलला के दर्शन करने का अवसर हर किसी के जीवन में सहज नहीं मिलता। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस ऐतिहासिक पहल से छत्तीसगढ़ के हजारों श्रद्धालु जीवनभर का आत्मिक संतोष और ऊर्जा प्राप्त करेंगे। यह यात्रा भक्तों को धर्म, संस्कृति और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों से जोड़ने का कार्य करेगी।

मौके पर जनपद पंचायत नगरी अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, जिपं सभापति अजय ध्रुव, नगरी मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जनपद सीईओ रोहित बोरझा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, बेलर मंडल महामंत्री दीपक साहू व मोनू साहू, नगरी नपं की पार्षद श्रीमती चेलेश्वरी साहू, देवचरण ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्राचार्य नारदराम ध्रुव को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

हरदीभाठा पंचायत के पूर्व माध्यमिक विद्यालय चमेंदा में 17 वर्षों से प्रधान अध्यापक पद पर सेवा पश्चात हाल ही में प्राचार्य पीवी 32 पखांजूर के पद पर पदोन्नत नारदराम ध्रुव को सेवानिवृत्ति के बाद शाला परिवार चमेंदा ने भावभीनी विदाई दी। बच्चों एवं शिक्षकों ने उन्हें शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नारदराम ध्रुव पंचायत क्षेत्र में मिलनसार, सहयोगी, कर्तव्यनिष्ठ एवं अच्छे शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं। विदाई समारोह में संकुल प्राचार्य एमजय सिंधु ने नारदराम ध्रुव की शैक्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जनपद सदस्य मुनेन ध्रुव, सरपंच खिलेश्वरी ध्रुव, संकुल समन्वयक कामेश्वर साहू, प्रधानपाठक द्रौपदी यादव, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष भारत कोर्राम, सुरेश ध्रुव, पुष्पा ध्रुव, भोजराज साहू, पवन साहू, ललित साहू, हेमपुष्पा साहू, शिवप्रसाद, कस्तुरी ध्रुव, रमलूराम, लोकेश समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक देवेन्द्र साहू ने किया।

# रासेयो से छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास : डॉ. अश्वनी





- सुखराम नागे कालेज में छग राज्य रजत जयंती पर हुआ रासेयो उन्मुखीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में डा. मनदीप खालसा प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं प्रो. आरआर मेहरा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में छग राज्य रजत जयंती पर रासेयो उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेवकों को रासेयो की भावना, उद्देश्य, सरंचना तथा गतिविधियों से अवगत कराना है। उसमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अश्वनी ध्रुव ने किया। उन्होंने कहा कि रासेयो विद्यार्थियों को केवल सामाजिक सेवा ही नहीं वरन उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सहयोग भावना और राष्ट्रभक्ति का विकास करती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे समाज की समस्याओं का समझे और उनके समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रो. आरआर मेहरा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि रासेयो का आदर्श वाक्य स्वयं से पहले सेवा विद्यार्थियों को निःस्वार्थ भाव से समाज के लिये कार्य करने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर रासेयो पदाधिकारी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष दीपांशु दीवान, उपाध्यक्ष प्रकाश साहू एवं पायल साहू, मीडिया प्रभारी डोमेन्द्र नेताम, योग व्यायाम प्रभारी तामेश्वरी सेन एवं केश्वरी साहू, सांस्कृतिक प्रभारी प्रीतम कश्यप एवं काजल, पर्यावरण लोकेश्वरी वट्टी एवं प्रशांत ध्रुव, सचिव निर्मला साहू, सरंक्षक गीतेश्वरी ध्रुव, प्रियंका नेताम बनाए गए। सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपा देवांगन ने स्वयंसेवकों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में समझाया। संचालन व आभार प्रदर्शन प्रकाश साहू ने किया।

# देश की प्रगति में छग का महत्वपूर्ण योगदान

- आमदी कॉलेज में छग के रजत जयंती महोत्सव पर पूर्व छात्र मिलन समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)



शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल के मार्गदर्शन में छग राज्य के रजत जयंती महोत्सव पर एलुमिनी मीट का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा पूर्व छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि आज छग राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर महाविद्यालय में प्रथम एलुमिनी का आयोजन कर रहे हैं। यह गौरव का क्षण है। छग के विकास में आप सभी सहभागी बने। महाविद्यालय के विकास में योगदान देते रहें। उन्होंने छग राज्य के 25 वर्ष की विकास यात्रा को बताते हुए कहा कि छग का सपना छग के प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग से ही पूरा होगा। आज छग सभी क्षेत्र में विकास कर रहा है। भारत की प्रगति में छग का महत्वपूर्ण योगदान है।

इस अवसर पर भूगोल विभाग के सहा. प्राध्यापक डीगेश्वर ने एल्युमिनी मीट के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए छग की विकास गाथा को रेखांकित किया। बीए, बीकाम, बीएससी के पूर्व छात्र- छात्राओं ने अपना अनुभव साझा किया। रसायन शास्त्र के अतिथि व्याख्याता युगेश्वर प्रसाद साहू एवं वनस्पति शास्त्र के अतिथि व्याख्याता रमेश सिंह ने अपने विद्यार्थी जीवन की यादों को साझा किया। श्री सिंह ने छग के विकास से संबंधित वीडियो को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया।

इस अवसर पर भौतिक शास्त्र की अतिथि व्याख्याता डा. उपमा, वाणिज्य विभाग के मन्नू साहू सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। संचालन युगेश्वर प्रसाद साहू व आभार प्रदर्शन रमेश सिंह ने किया।

**ग्राम सभा गाताभर्री में सामुदायिक वन संसाधन दावा प्रक्रिया पर हुआ कार्यक्रम**

# ग्राम सभा के सदस्यों ने तैयार किया जंगल की सीमा का नजरी नक्शा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



नगरी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत ठेनही के वार्ड क्र. 4 स्थित ग्राम सभा गाताभर्री में वन अधिकार कानून 2006 के तहत सामुदायिक वन संसाधन, सीएफआर के दावे की प्रक्रिया को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों दिल्ली, उत्तराखंड, झारखंड, केरल, राजस्थान, बिहार और छत्तीसगढ़ से आए प्रतिनिधि एवं प्रशिक्षु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्राम सभा सदस्यों ने अपने परंपरागत जंगल की सीमा का नजरी नक्शा तैयार किया। सीमावर्ती गांवों के बुजुर्गों के कथनों और पारंपरिक जानकारी के आधार पर सीमाएं चिन्हित की गईं। इसके बाद सीमावर्ती गांवों की सहमति से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) भी तैयार किया गया।

इस प्रक्रिया में वन विभाग, राजस्व विभाग, ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, सीमावर्ती गांवों के वन अधिकार समिति के अध्यक्ष व सचिव भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में शामिल प्रमुख प्रतिनिधियों में तेजस्विता दिल्ली, कमलचंद सौरभ झारखंड, श्वेता उप्र, जय श्रेया पटना, जेबा बिहार, अली राजस्थान, आशा देवी केरल, मुदित अभिषेक उत्तराखंड, बिपाशा छग-भिलाई, ऋषि व बसंती कोरबा क्षेत्र प्रमुख रहे। स्थानीय प्रतिनिधियों में महेश ठाकुर अध्यक्ष वन अधिकार समिति, दिनेश यादव सचिव, ज्योति सोम सरपंच, रूपेश्वर नाग उपसरपंच, लक्ष्मीनारायण राजस्व पटवारी, शत्रुघ्न ध्रुव ग्राम पटेल, गुरूमुख सिंह, सुरेंद्र गौर, सुरेश सोरी, भानुराम, नरसिंग ठाकुर, गोपाल ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, अंजनी ध्रुव, नंदेश्वरी नेताम, कमीनबाई, ललिता सहित अनेक ग्रामसभा सदस्य सक्रिय रहे। खोज समिति से बेनीपुरी गोस्वामी, लोकनाथ पटेल, मीनाक्षी यादव, नंदनी साहू, सिंधिया और हरीश कांतापुरी ने भी अपनी सहभागिता दी।

इस अवसर पर दिनेश यादव ने नक्शा निर्माण की विधि समझाई। सरपंच ज्योति सोम ने आभार व्यक्त किया।

## अंचल की खबरें

### मैंस डबल्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में 12 टीम ने लिया भाग



**धमतरी।** आमातालाब इंडोर बैडमिंटन हॉल में मैंस डबल्स बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। आयोजक रितेश नाहर, हेमंत चक्रधारी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में 12 टीमें भाग ली थी, जिसमें सभी आयु वर्ग ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कुल 13 मैच खेले गए। तीसरा स्थान सोहन साहू हेमंत चक्रधारी, दूसरा स्थान नरेश यादव/ शुभंकर और पहला स्थान अर्पण चिलाते/संभव संकलेचा ने प्राप्त किया।

### रजत जयंती महोत्सव पर हुई विविध स्पर्धा



**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में छग के रजत जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई ताकि छात्रों में देश के गौरव और देशभक्ति को बढ़ावा दिया जा सके। प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने सभी छात्रों को देश हित में निरंतर सहयोग देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. लोकेश्वरी राठिया ने छात्रों को कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर क्विज, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता हुई। निर्णायक प्रो. आरआर मेहरा, डॉ. दीपा देवांगन, प्रो. लालमन बेरवंश, डॉ. ममता सौरज, डॉ. अम्बा शुक्ला, डॉ. वेणु साहू, श्रीमती उर्वशी साहू, नेहा राजन, सौरभ पाण्डेय, आमोद चौरे रहे।

### छात्र अंतरिक्ष विज्ञान के तकनीकी रहस्य से हुए अवगत



**नगरी।** जिला प्रशासन एवं इग्नाइटिंग ड्रीम्स ऑफ यंग माइंड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली में अंतरिक्ष ज्ञान अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान की नवीनतम जानकारियां, रोचक प्रयोग एवं तकनीकी रहस्यों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में कुल 496 विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उत्साहपूर्वक शामिल हुए। विद्यार्थियों ने मॉडल प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और इंटरैक्टिव सत्रों में भागीदारी निभाई। इस दौरान उनके भीतर विज्ञान एवं अंतरिक्ष के प्रति नई जिज्ञासा जागृत हुई और सपनों को नई उड़ान मिली। अभियान के माध्यम से छात्रों को न केवल ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त हुआ, बल्कि विज्ञान की दिशा में उनकी सोच और दृष्टिकोण को भी सकारात्मक प्रेरणा मिली।

दुगली में हुई राजस्व परिवर्तित 110 वन ग्रामों की बैठक, कई मुद्दों पर हुआ मंथन

# शासन-प्रशासन ने नहीं मानी मांगे तो सड़क पर उतरेंगे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिले के राजस्व परिवर्तित 110 वनग्रामों की बैठक दुगली की बहारराय प्रांगण में हुई। बैठक में वनग्रामों की गंभीर समस्याओं पर चिंतन किया गया। देश की आजादी के 78 बरस बाद भी ग्रामीण अपनी संवैधानिक अधिकार के लिए दर-दर की ठोकरें रहे हैं। छत्तीसगढ़ में एक तरफ वनग्रामों को राजस्व का दर्जा तो दे दिया गया मगर न ही ग्रामीणों की काबिज ज़मीन का दुरुस्तीकरण हुआ है न ही भुइंया पोर्टल में जमीन का रिकार्ड अपलोड हुआ है। राजस्व गांवों की तरह अधिकार कब मिलेगा इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा की गई। सहकारी केन्द्र में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीयन अनिवार्यता है। इससे कई किसान वंचित हो रहे हैं। इस मुद्दे पर संघर्ष समिति के संयोजक मयाराम नागवंशी और जिलाअध्यक्ष बंशीलाल सोरी और तमाम वनग्रामों के ग्राम पटेल, पंचायत प्रतिनिधियों की अगुवाई में गहन चिंतन हुआ। इस दौरान एग्रीस्टेक पोर्टल अनिवार्यता के संदर्भ में अगामी दिनों में जिला स्तरीय प्रतिनिधि विभागीय मंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। राजस्व विभाग की आनलाइन प्रक्रिया भुइंया पोर्टल से वनग्रामों को जोड़ने की प्रक्रिया से ग्रामीण संतुष्ट नही हैं। विभागीय त्रुटियों के साथ डाटा संग्रहित किया जा रहा है।

जिला अध्यक्ष बंशीलाल सोरी का कहना है कि पहले हम संवैधानिक रुप से शासन प्रशासन को समस्याओं से अवगत कराएंगे अगर शासन प्रशासन हमारी मांगों पर समय पर समाधान नहीं किया तो रोड पर उतरने ग्रामीण मजबूर हो जाएंगे। बैठक में बुधराम साक्षी, गोवर्धन मंडावी, बीरबल पदमाकर, रवि नेताम, मकसूदन मरकाम, राजाराम मंडावी, चिंताराम वट्टी, रामकुंवर मंडावी, कलावती मरकाम, मानकी बाई कुंजाम, टिकेश्वरी नेताम, जग्गू मंडावी, देवचंद उईके, रामेश्वर मरकाम, रामजी नेताम, इंदल सिंह, कोमलसिंह ध्रुव, घनश्याम नेताम, गणेश मरकाम, शिवप्रसाद नेताम, चन्द्रभान नाग, जालम सिंह नेताम, दशरथ नेताम, हीरा सिंह मरकाम, मानसाय मरकाम, ओमप्रकाश सोरी, गौतम नेताम, पुनाराम मरकाम, अनिल पदमाकर, देवेन्द्र मंडावी, शंकरलाल नेताम, शत्रुघन कुंजाम, भगवान सिंह, जोहर नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। यह जानकारी जिला संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र राज ध्रुव ने दी।

## 43 विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की शपथ





■ भैंसमुंडी हाईस्कूल में नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

समाज कल्याण विभाग व शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान नशा मुक्ति केंद्र कुरूद संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शहीद नकुलराम ध्रुव शासकीय हाईस्कूल भैंसमुंडी में नशामुक्त भारत अभियान के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य ग्रामीण सामाजिक परिवेश में नशीली पदार्थों से दूर रहने लोगों की जागरूकता और समझ को बढ़ाना है।

कार्यक्रम में डॉ. मनोज साहू अध्यक्ष, उदय साहू सचिव, प्राचार्य आरके टांडे एवं लोकपाल साहू उपस्थित थे। डॉ. साहू ने कहा कि नशा से नुकसान ही होता है। स्वास्थ्यगत संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं। नशे की रोकथाम के लिए जागरूकता आवश्यक है। उदय साहू ने बताया कि नशे से व्यक्तियों को सामाजिक, मानसिक, पारिवारिक एवं आर्थिक तकलीफों से गुजरना पड़ता है। नशा मुक्ति भारत अभियान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिले के सभी चिन्हांकित विद्यालयों में किया जा रहा है ताकि नशे से मुक्ति का अवसर नशा पीड़ितों को मिल सके एवं समाज में जागरूकता आए। इस कार्यक्रम में नशा मुक्ति केंद्र से मेघराज साहू, टिकेश्वरी नर्स, योगेश्वरी कंवर समेत विद्यालय स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम में 43 विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

## थाली सजाओ में प्रथम मीनाक्षी, द्वितीय डिम्पी रही



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल में गणेश चतुर्थी पर विद्यालय में गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई। दस दिनों तक छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम किए गए।

प्रथम दिवस गणेश प्रतिमा की स्थापना, आरती एवं पूजन, द्वितीय दिवस अंताक्षरी प्रभु गुण गाओ, तृतीय व चतुर्थ दिवस भजन संध्या, पंचम दिवस 56 भोग, अष्टमी दिवस मिट्टी द्वारा निर्मित मूर्ति प्रतियोगिता, सप्तम दिवस में मूर्ति सजाओ, अष्टम दिवस क्विज प्रतियोगिता, नवमी दिवस गणेश आरती की थाली सजाओ व दशमी दिवस में गणेश जी की महाआरती का आयोजन किया गया। अंतिम दिवस पर हनुमान मंदिर के आचार्य ने मंत्रोच्चार के साथ हवन सम्पन्न कराया। इसके बाद गणेश प्रतिमा का विसर्जन बाजे-गाजे के साथ जयघोष करते हुए सरोवर में किया गया। गणेशजी की मूर्ति बनाओ में प्रथम रणवीर कुम्भकार, द्वितीय प्रियांशु यादव, तृतीय लावन्या पदमवार, थाली सजाओ में प्रथम मीनाक्षी पेन्दरिया, द्वितीय डिम्पी सपहा एवं लावन्या पदमवार तृतीय रहे। प्राचार्य विनोद पाण्डेय ने कहा कि गणेश चतुर्थी भगवान श्री गणेश के जन्मदिन पर मनाई जाती है। गणेश चतुर्थी हिन्दुओं के प्रसिध्द त्योहारों में से एक है जो भगवान गणेश को समर्पित है।

## चार साल में धमतरी होगा बाल विवाह मुक्त



■ जागरूकता कार्यक्रम में बाल विवाह से होने वाले नुकसान के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कोर्रा एवं नवजीवन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेडरा विकासखंड कुरुद में जागरूकता अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बाल विवाह से होने वाले नुकसान पर प्रकाश डाला।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी आनंद पाठक, संरक्षण अधिकारी यशवंत बैस ने छात्र -छात्राओं को बाल विवाह के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में बाल विवाह की दर 12.3 प्रतिशत है। 10 मार्च 2024 से बाल विवाह मुक्त अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत 21 मार्च 2029 तक धमतरी को पूर्ण रूप से बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह से बालिकाओं में शारीरिक कमजोरी के साथ-साथ अन्य कई समस्याएं आती हैं तथा होने वाले बच्चे भी शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ नहीं रहते हैं। उन्होंने बताया कि रोड पर भीख मांगने वाले बच्चों के लिए भी पुनर्वास की व्यवस्था की गई है। ऐसे बच्चों की देखभाल एवं सुरक्षा के लिए बाल देखरेख संस्था आरंभ की गई है। आज अधिकतर बच्चे मोबाइल चलाने के आदी हो गए हैं, जिससे वे मानसिक रूप से अस्वस्थ रहे हैं इसलिए मोबाइल का उपयोग आवश्यकता होने पर करना चाहिए। फेसबुक, ट्विटर, यू ट्यूब, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया से दूर रहें। रील्स देखने में अपना समय बर्बाद न करें। कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह केस वर्कर, गिरधारी लाल साहू सुपरवाइजर सहित छात्र और शिक्षक उपस्थित थे।

## रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का दल रवाना



■ महापौर रामू और जनपद अध्यक्ष अंगिरा ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

श्री रामलला दर्शन के लिए जिले से श्रद्धालुओं का दल 10 सितंबर को रवाना हुआ। महापौर रामू रोहरा और अध्यक्ष जनपद श्रीमती अंगिरा ध्रुव ने सुबह जनपद पंचायत परिसर से तीर्थ यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) में श्री रामलला के दर्शन करेंगे। महापौर ने सभी यात्री श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। इस अवसर पर अध्यक्ष जपं धमतरी श्रीमती अंगिरा ध्रुव, उपाध्यक्ष केशवराम साहू, जनपद सदस्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जनपद सहित पंचायत और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्या धाम में श्रीराम के दर्शन हेतु श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत की गई है। ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन हेतु ले जाया जा रहा है।

इस तरह की योजनाएं न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें उन स्थलों का अनुभव करने का मौका भी देती हैं जिन्हें वे सामान्यतः आर्थिक कारणों से नहीं देख पाते। इस ट्रेन में टूर एक्सपर्ट, सुरक्षाकर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।



**खबर संक्षेप**



### कोसमर्रा की गली में बह रहा गंदा पानी

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत कोसमर्रा में ग्रामीण और स्कूली बच्चों का चलना मुश्किल हो गया है। रोज कोई न कोई आम नागरिक कीचड़ में फिसलकर गिर रहा है। किसी के हाथ पैर फ्रेक्चर तो किसी के सिर में चोट आई है। ग्रामीण प्रतिनिधि भी कोई उचित जवाब नहीं देते हैं और न कोई ठोस कदम उठा रहे हैं। सुस्त एवं लचर व्यवस्था से ग्रामीण आक्रोश में हैं। जल्द समस्या का निराकरण करने का केवल आश्वासन दिया जाता है।

### एथलेटिक्स में राहुल को दो स्वर्ण पदक मिले



**कोर्रा(भखारा)।** 22वीं सब जूनियर एवं अंडर 23 बालक-बालिकाएं छग राज्य स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता बिलासपुर के बाहतराई एथलेटिक स्टेडियम बिलासपुर में हुई जिसमें नगर पंचायत भखारा वार्ड नंबर 15 निवासी राहुल पिता तुलाराम साहू ने 400 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक एवं 4 गुना 100 रिलेरेस में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर नपं अध्यक्ष ज्योति हरख जैन व पार्षद ममता पटेल ने हर्ष जताया है।

## सप्ताहभर के भीतर एक ही मार्ग में हुई दो घटना, आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद

# लुटेरे दिनदहाड़े दो राहगीरों को लूटकर हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

पुलिस अनुविभाग कुरुद अंतर्गत भखारा थाना क्षेत्र में सप्ताहभर के भीतर एक ही मार्ग पर अलग-अलग घटना में दो राहगीर लूट के शिकार हो गए है।

दोनों ही घटना भखारा से रायपुर मार्ग के बीच सिलतरा और सेमरा मोड़ के पास की है। पुलिस दोनों ही मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ धारा 304(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

पहली घटना 6 सितंबर की दोपहर की बताई जा रही है जिसमें दल्लीराजहरा (बालोद) निवासी तिकेश्वरी गजेंद्र पति अरुण गजेंद्र अपने मायके डूंडा (रायपुर) से तीजा पर्व मनाकर पुराना धमतरी रोड से वापस घर जा रही थी तभी भखारा थाना अंतर्गत सिलतरा मोड़ के पास अज्ञात बाइक सवार लुटेर चलती मोटर साइकिल से उनके हाथ में पकड़े मोबाइल को छीनकर रफू चक्कर हो गए। इसकी शिकायत उन्होंने भखारा थाना में दर्ज करवाई है।



### लूट का तरीका और लुटेरों का हुलिया एक जैसा

दोनों ही घटना में प्रार्थियों की रिपोर्ट के आधार पर यह बात पता चली है कि दोनों ही वारदात को दिनदहाड़े दोपहर में अंजाम दिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में लुटेरों का हुलिया और मोटर साइकिल को पीड़ितों ने पहचान लिया है। नम्बर प्लेट के नम्बर को आरोपियों द्वारा हल्का खरोंच मारकर छिपा दिया गया है। दोनों ही घटना के लुटेरों का हुलिया लगभग एक जैसा बताया जा रहा है। बहरहाल पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है और उन्हें जल्द सलाखों के पीछे पहुंचाने की बात कही।

**30 हजार नकद व मोबाइल किया पार**

दूसरी घटना 9 सितंबर की बताई जा रही है जिसमे साहिल हुसैन पिता यजीद हुसैन महादेव वार्ड कांकेर निवासी अपनी पत्नी के साथ स्कूटी में सवार होकर कांकेर से पुराना धमतरी-रायपुर रोड से अस्पताल में भर्ती अपने रिश्तेदार को इलाज के लिए पैसा पहुंचाने जा रहे थे। तभी शराब भट्ठी के आगे सेमरा मोड़ के बीच मोटरसाइकिल स्प्लेंडर में सवार अज्ञात दो लुटेरे चलती गाड़ी में पीछे बैठे उनकी पत्नी के हाथों से पर्स छीनकर फरार हो गए। पर्स में 30 हजार नगद और मोबाइल के अलावा कुछ जरूरी दस्तावेज रखे थे। प्रार्थिया ने उक्त घटना की रिपोर्ट भखारा पुलिस में दे दी है।

# हमारा समाज अब प्रशिक्षित और संगठित हो रहा है : नेहरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- गंगरेल में ओबीसी दिवस मनाया गया

गंगरेल के एक होटल में प्रदेश स्तरीय ओबीसी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छग, उद्घाटनकर्ता बलदाऊ राम साहू सदस्य छग पिछड़ा वर्ग आयोग, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर बालक दास साहू थे। अध्यक्षता इंजीनियर कीरत राम कुल्हारा ने की। राष्ट्रीय प्रचारक टिकेश्वर साहू ने कहा कि 10 सितंबर को ओबीसी दिवस चूल्हाई राम साहू की शहादत पर मनाया जाता है।

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा कि समाज आज संगठित हो रहा है। समाज में शिक्षा का प्रतिशत बढ़ा है। जनसंख्या के अनुपात में अपनी संपूर्ण हिस्सेदारी को प्राप्त करने के लिए लड़ाई करेंगे। संगठन के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुघ्न सिंह साहू के दिशा निर्देश पर दानेश्वर चंद्राकर को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, गोपी कश्यप को राष्ट्रीय महासचिव और सतवंत महिलांगे को प्रदेश संगठन मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है।

कार्यक्रम में संगठन के केंद्रीय समिति के सदस्य रामविशाल साहू, रामलाल गुप्ता, अशोक साहू, नरेंद्र वर्मा, रघुनंदन साहू, मकसूदन साहू बालक राम साहू ने भी उद्बोधन दिए। मौके पर दामिनी सिन्हा, शांति साहू, राधिका गंजीर, दिनेश्वरी साहू, बिंदु सिन्हा, बल्दू राम साहू, शैलेंद्र कुमार साहू, लक्ष्मण निषाद, अंकालु राम साहू, युवराज साहू, समारु राम सिन्हा, सदानंद साहू, आशीष कुमार साहू, शत्रुघ्न लाल साहू, चेतन साखरे, लुकेश राम साहू मसेत अन्य मौजूद थे।

# सड़क हादसा या शिक्षा विभाग की गलत नीति से गई शिक्षिका की जान, लग रहे हैं आरोप

- व्याख्याता नंदिनी सिन्हा की मौत से शिक्षक संघ में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद ब्लॉक के हायर सेकेंडरी स्कूल अंवरी में पदस्थ व्याख्याता नंदिनी सिन्हा का युक्तियुक्तकरण के तहत मगरलोड ब्लॉक अंतर्गत कुंडेल हायर सेकंडरी स्कूल में तबादला कर दिया गया था।



सरकारी फरमान के बाद भी अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित शिक्षिका की असमय मौत को लेकर अब कई आरोप व सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं शिक्षक संघ में इस घटना के बाद शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर आक्रोश है।

गौरतलब है कि कुरुद विकासखंड में युक्तियुक्तकरण के तहत नियमों की अनदेखी और मनमानी के गंभीर आरोप जिला शिक्षा अधिकारी और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पर लग रहे हैं। इस प्रक्रिया से प्रताड़ित शिक्षिका नंदिनी सिन्हा व्याख्याता (अंग्रेजी) रोज अपने गृह ग्राम से लगभग 60 किमी की दूरी तय कर स्कूटी से ड्यूटी जाती थी। वह काफी मानसिक तनाव में थी। उनका 6 सितंबर को कोडेबोड़ के पास एक सड़क दुर्घटना में दुखद निधन हो गया। इस घटना ने न केवल शिक्षा विभाग, बल्कि पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है।

### युक्तियुक्तकरण में अनियमितता का आरोप

शिक्षिका नंदिनी सिन्हा को हायर सेकेंडरी स्कूल अंवरी से 4 जून 2025 को हायर सेकेंडरी स्कूल कुंडेल, मगरलोड ब्लॉक में स्थानांतरित किया गया था, जबकि पास में रिक्त पद उपलब्ध थे। आरोप है कि स्थानांतरण में न तो दर्ज के अनुपात का ध्यान रखा गया और न ही विद्यालय की समय-सारिणी को प्राथमिकता दी गई। इसके बजाय बीईओ ने मौखिक निर्देशों का हवाला देकर मनमाने तरीके से स्थानांतरण किए। शिक्षिका स्व. सिन्हा ने इस गलत युक्तियुक्तकरण का पुरजोर विरोध किया। जिला शिक्षक साझा मंच के साथ मिलकर उन्होंने बीईओ की मनमानी के खिलाफ स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिला कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरुद और डीईओ से कार्रवाई और बीईओ को हटाने की मांग की लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### शिक्षक समुदाय में आक्रोश, उच्चस्तरीय जांच की मांग

इस घटना से कुरुद ब्लॉक के शिक्षक समुदाय, कर्मचारी फेडरेशन और सर्व शैक्षिक संघ में गहरा आक्रोश है। शिक्षक साझा मंच ने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिक्षकों का कहना है कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और अधिकारियों की मनमानी ने न केवल शिक्षकों का मनोबल तोड़ा है, बल्कि एक अनमोल जीवन को भी छीन लिया। नंदिनी सिन्हा की मृत्यु केवल एक सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि शिक्षा विभाग की लचर व्यवस्था और युक्तियुक्तकरण की गलत नीतियों का परिणाम है।

# शिक्षक, समाजसेवक और दस बाल वैज्ञानिकों को मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा राज्य अलंकरण समारोह का आयोजन प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन अकादमिक भवन कुरूद में किया गया।

इस समारोह में शिक्षा, विज्ञान, समाज सेवा और नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से सौ से अधिक शिक्षकों, समाजसेवकों और दस बाल वैज्ञानिक छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगरी विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह के व्याख्याता डॉ आशीष नायक को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिये शिक्षा रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया।

उन्होंने बताया कि प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, मेडल एवं श्रीफल द्वारा सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया। यह सम्मान मुख्य अतिथि डॉ. हितनारायण टंडन विभागाध्यक्ष प्राणी विज्ञान गुरु घासीदास महाविद्यालय कुरूद एवं विशेष अतिथि पद्मश्री अजय मंडावी ने दिया।

# निरई माता के दरबार में 22 को जलेंगे आस्था के ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मगरलोड ब्लाक के ग्राम पंचायत मोहेरा के आश्रित ग्राम निराई के पहाड़ में स्थित मां निरई माता के दरबार में क्वांर नवरात्र के अवसर पर इस वर्ष भी भक्तों का तांता लगेगा। इस वर्ष नवरात्रि 22 सितम्बर को प्रारंभ हो रही है। दोपहर 3 बजे घट स्थापना एवं ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी।

वहीं पंचमी पर 26 सितम्बर को माता का श्रृंगार किया जाएगा। 30 को महाअष्टमी हवन होगा। विसर्जन 1 अक्टूबर को होगा। जय मां निरई माता सेवा समिति के सदस्यों ने भक्तों से उपस्थिति की अपील की है। ज्ञात हो कि मां निरई माता निरई ग्राम के पहाड़ की गुफा में अदृश्य रूप में विराजित हैं। भक्तों का कहना है कि रात्रि में नीचे से पहाड़ के ऊपर ज्योति जलती हुई दिखाई देती है। रात्रि में पहाड़ी पर जाने की मनाही है। जंगली, जानवर पहाड़ पर विचरण करते हैं।

# जीएसटी के सरलीकरण से क्रांतिकारी सुधारों का सूत्रपात हुआ : अजय

- गब्बर सिंह टैक्स कहने वाला विपक्ष अब जीएसटी पर सुर मिलाने लगा है
- कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर ने जीएसटी पर ली प्रेसवार्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर ने गुरूवार को जिला भाजपा कार्यालय में जीएसटी पर प्रेसवार्ता ली। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि जीएसटी स्लेब के सरलीकरण से अभूतपूर्व सुधार आएगा। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आर्थिक महाशक्ति बन रहा है। जीएसटी में सुधार से आम आदमी के जीवन में खुशहाली आएगी। उद्योग, धंधे, व्यापार को गति मिलेगी। लोगों में बचत की भावना आएगी। व्यापारी आसानी से व्यापार कर सकेंगे। नवरात्रि में लागू होने वाले नए प्रावधानों से देश आर्थिक दृष्टिकोण से शक्तिशाली बनेगा।

श्री चन्द्राकर ने सवालों का जवाब देते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक टैक्स की भावना के साथ प्रधानमंत्री ने सभी करों को एकाकरण किया है।

श्रेष्ठ भावना जागृत हुई है। क्रांतिकारी सुधारों की शुरूआत हुई है। जीएसटी लागू होने के पूर्व देश में 17 प्रकार टैक्स, 13 प्रकार के शेष कर लागू थे। कर की बात करें तो आयकर की दर एक समय 97.5 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। अब 12 लाख सालाना आय पर टैक्स नहीं लेंगे। बाद में जीएसटी के दो स्लेब रखे जाएंगे। पहले 4 स्लेब थे जिसे घटाया गया है। अब उपयोगी वस्तु को शून्य करने, कुछ कर 10 प्रतिशत कम करने से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। 20 दिन के अंदर ही जीएसटी काउंसिलिंग में सुधार की अनुमति मिल गई।

श्री चन्द्राकर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि दैनिक उपयोग की वस्तुएं, कलपुर्जे, कृषि उपकरण, स्वास्थ्य, शैक्षणिक वस्तु, इलेक्ट्रानिक, आटो मोबाइल, उत्पाद को किफायती किया गया जिसका विपक्ष द्वारा लगातार दुष्प्रचार किया जा रहा है। जीएसटी को पहले विपक्ष गब्बर सिंह टैक्स कहता था। अब समर्थन में आगे आ रहा है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक रंजना साहू, जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा, नंदन जैन, राकेश साहू, चेतन हिन्दूजा, श्यामासाहू, सरला जैन, उमेश साहू जिला मीडिया प्रभारी, नरेन्द्र रोहरा, विजय मोटवानी, मेघराज ठाकुर, विजय साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले में 36 आयुष केंद्र, पाली क्लिनिक में स्वर्णप्राशन प्रति माह पुष्य नक्षत्र पर

- आयुष मेगा हेल्थ कैंप में वीडियो डॉक्यूमेंट्री से दी सुप्रजा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छग राज्य के रजत जयंती महोत्सव पर आयुष विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय आयुष मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस रजत महोत्सव में राष्ट्रीय कार्यक्रम सुप्रजा में होने वाली गतिविधियों की मॉडल प्रदर्शनी लगाकर प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त 5 मिनट के वीडियो डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरिता पचौरी ने सुप्रजा पर जानकारी दी। आयुष विंग एवं नर्सिंग कॉलेज की प्रशिक्षु छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सुप्रजा कार्यक्रम का मंचन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अन्य अतिथि महेंद्र खंडेलवाल, निलेश लुनिया पार्षद, कौशल्या देवांगन सभापति नगर निगम, श्रीमती विभा चंद्राकर एमआईसी सदस्य, श्रीमती चंद्रभागा साहू, श्रीमती आशा लोधी पार्षद, डॉ. प्रवीण चंद्राकर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ. गुरुदयाल साहू वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी थे। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अवध पचौरी ने विगत 25 वर्षों में आयुष विभाग द्वारा किए गए कार्यों एवं विभाग की उपलब्धियों के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि जिला धमतरी में 36 आयुष केंद्र संचालित हैं, जिनमें नौ राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। वर्ष 2022 से आयुष पाली क्लिनिक में स्वर्णप्राशन प्रति माह पुष्य नक्षत्र को कराया जा रहा है। विकासखंड स्तर पर पांच और संस्थानों में स्वर्ण प्राशन प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में विकासखंड कुरूद एवं मगरलोड में गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए विशेष अभियान चलाकर जिले के कुपोषण की दर को कम करने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया जा रहा है।

सुप्रजा कार्यक्रम अंतर्गत राज्य में लगभग 9000 हितग्राही पंजीकृत हैं। लगभग 2600 हितग्राही जिला धमतरी से पंजीकृत हैं। महापौर रामू रोहरा ने कहा जिस प्रकार सुभद्रा के गर्भ में अभिमन्यु ने चक्रव्यूह भेद करना सीख लिया था ठीक उसी प्रकार जब गर्भवती माताएं अपनी गर्भावस्था में यदि मंत्रों का, रामायण और गीता जैसे महाकाव्य का श्रवण करती हैं, महापुरुषों के जीवन वृतांत का पठन एवं पाठन करती हैं, तो हमारी आने वाली संतान भी बुद्धिमान एवं चरित्रवान होगी। कार्यक्रम में 15 समाजसेवी महिलाओं कृतिका महावर, कामिनी कौशिक, माधवी शर्मा, जानकी गुप्ता और काजल साहू, मितानिन मीना, शीतला, संतरमा, फुलेश्वरी और भोज बाई को सम्मानित किया गया। मंच संचालन डॉक्टर रविंद्र वर्मा एवं डॉक्टर सेवन्त साहू ने किया। डॉ आशीष कुमार साहू ने बताया कि आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी एवं योग द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें आयुर्वेद के 697, यूनानी के 189, होम्योपैथिक के 115 और योग के 50 हितग्राही पंजीकृत हुए। 1051 हितग्राहियों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

# सोरिद शराब दुकान में डिस्पोजल, पानी पाऊच के उपयोग पर निगम ने की कार्रवाई




4 दुकानों पर चालानी कार्रवाई कर 1300 रूपए जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम स्वच्छता व्यवस्था को लेकर लगातार अभियान चला रहा है। इसी क्रम में निगम की स्वच्छता टीम ने सोरिद क्षेत्र स्थित शराब दुकान स्थित अहाता पर कार्रवाई की। जांच के दौरान टीम ने पाया कि दुकानों में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित डिस्पोजल पानी पाऊच का उपयोग किया जा रहा था। साथ ही दुकानों के आसपास गंदगी फैलाई गई थी, जिससे वहां आने-जाने वाले लोगों को असुविधा हो रही थी। निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारियों ने मौके पर ही 4 दुकानों पर चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 1300 का जुर्माना वसूला। टीम ने संबंधित दुकानदारों को चेतावनी दी कि वे प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग तत्काल बंद करें और अपने परिसर एवं आसपास की सफाई पर विशेष ध्यान दें। निगम ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा पाई गई तो और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त, उपायुक्त के निर्देशानुसार स्वच्छता मिशन के तहत यह कार्रवाई की गई। निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगम ने नागरिकों और दुकानदारों से अपील की है कि वे प्रतिबंधित डिस्पोजल सामग्री का उपयोग न करें, गंदगी न फैलाएं और स्वच्छ धमतरी निर्माण में सहयोग करें। इस कार्रवाई से क्षेत्र में दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025, 22 जनवरी से 28 जनवरी 2026 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

# नहर पार में नवजात शिशु को छोड़ने वाले अज्ञात के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

करेली बड़ी पुलिस नहर पार में नवजात शिशु को छोड़ने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर जांच में जुट गई है। दरअसल 10 सितम्बर बुधवार की सुबह ग्राम भेंडरी करेली बड़ी मुख्य मार्ग में पड़ने वाली नहर के पास प्लास्टिक धमेला में 10 से 15 दिन की स्वस्थ एक नवजात बच्ची मिली थी।

जिसे खेत में काम करने गए मजदूरों ने बच्ची को देखा तथा इनकी सूचना पुलिस को दी थी। नवजात शिशु मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलते ही करेली बड़ी चौकी प्रभारी एएसआई राधेश्याम बंजारे दलबल के साथ पहुंचे थे। पुलिस ने नवजात बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इस मामले में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि बच्ची किसी अवैध संबंध का नतीजा हो सकती है। लोक लाज के डर से मां ने बच्ची को लावारिस हालत में छोड़ दिया होगा। गांव तथा क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा हो रही है।

चौकी प्रभारी एएसआई राधेश्याम बंजारे ने बताया कि इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 93 बीएनएस अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्रसूता महिलाओं की जानकारी जुटाई रही है। आसपास के अस्पतालों में जन्मे नवजात शिशुओं की भी जानकारी ली जा रही है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जाएगी।

# गुरु-शिष्य परंपरा, समाज और संस्कृति की नींव है



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महान शिक्षाविद, दार्शनिक, भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति, द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को स्मरण करते हुए उनके जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों को श्रीफल, डायरी व कलम भेंटकर सम्मानित किया। छात्रों ने शिक्षकों के लिए शैक्षणिक जैकपॉट प्रश्न रखा जिसके माध्यम से शिक्षकों ने छात्रों का खूब मनोरंजन किया तथा अपने शिक्षकीय अनुभव को छात्रों के समक्ष रखा। छात्रों ने शिक्षकों के लिए कुर्सी दौड़, मटका फोड़, स्लो साइकिल रेस प्रतियोगिता रखी। प्रभारी प्राचार्य बी पदमा राजेश ने अपने सम्बोधन में कहा कि गुरु - शिष्य परंपरा समाज और संस्कृति की नींव है। ज्ञान और कुशल नागरिक तैयार करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शिक्षा समाज की आत्मा है। वे विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान, अनुशासन और संस्कारों का संचार करते हैं। आभार प्रदर्शन शाला नायक कुणाल साहू ने किया। इस कार्यक्रम में एके यादव, जे एन सोनवानी, एसके जैन,एसके ध्रुव, एचआर साहू, सीपी साहू, वायके सेन, आर पोर्ते, एनआर साहू, रानी साहू, एनके साहू, एचके साहू, चित्ररेखा यादव, भोजराम साहू व सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास, नगरी बसस्टैण्ड, सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020